भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**राज्य सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2054
गुरूवार, 12 दिसम्बर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**केरल में पर्यटन परियोजनाएं**

**2054 श्री अब्दुल वहाब:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पिछले पांच वर्षों में पर्यटन विकास से संबंधित परियोजनाओं के संबंध में केरल सरकार की ओर से वर्ष-वार कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्षवार ब्यौरा क्या है और पिछले पांच वर्षों में इस प्रकार के अनुरोध पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया रही है;

(ग) पिछले पांच वर्षों में केंद्र सरकार की सहायता से केरल में चल रही पर्यटन विकास से संबंधित परियोजनाओं का परियोजना-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) केरल में पर्यटन विकास से संबंधित परियोजनाओं के लिए पिछले पांच वर्षों में सरकार द्वारा कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ङ) क्या सरकार ने पिछले एक वर्ष के दौरान केरल में किसी नई पर्यटन परियोजना को मंजूरी दी है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): देश में पर्यटन का विकास एवं संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय संबंधित योजना दिशा-निर्देशों के अनुरूप, निधियों की उपलब्धता आदि के अध्यधीन राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्ताव की प्राप्ति के पश्चात पर्यटन सुविधाओं के विकास के लिए अपनी 'स्वदेश दर्शन' (एसडी) और 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' नामक योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को संपूरित करता है। पर्यटन मंत्रालय ने केरल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 5 परियोजनाएं और और प्रशाद योजना के तहत 1 परियोजना स्वीकृत की है। मंत्रालय ने देश में स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त पर्यटन स्थलों को विकसित करने के

उद्देश्य से अब स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है और केरल राज्य में 1 परियोजना को मंजूरी दी है।

इसके साथ ही, पर्यटन मंत्रालय ने 'केंद्रीय एजेंसियों की सहायता' नामक अपनी अन्य केंद्रीय क्षेत्र की योजना के तहत केरल राज्य में 6 परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है।

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार को 'पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना 2024-25 (एसएएससीआई)' के तहत राज्य सरकारों से परियोजना प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और केरल राज्य में 2 परियोजनाओं सहित देश में 40 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

केरल राज्य में स्वदेश दर्शन, प्रशाद, एसडी 2.0, केंद्रीय एजेंसियों की सहायता और एसएएससीआई के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री अब्दुल वहाब द्वारा केरल में पर्यटन परियोजनाओं के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2054 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में **विवरण**

**केरल राज्य में पर्यटन परियोजनाओं का विवरण:-**

**केरल राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **परिपथ/ स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|
| 1. | इको परिपथ 2015-16 | पथनमथिट्टा- गवी- वागामोन- तेक्कडी का विकास | 64.08 |
| 2. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | सबरीमाला - एरुमेली-पम्पा-सन्निधानम का विकास | 46.54 |
| 3. | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | श्रीपद्मनाभ अर्नामुला का विकास | 78.08 |
| 4. | ग्रामीण परिपथ 2018-19 | मालानाड मालाबार क्रूज़ पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| 5. | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | शिवगिरि श्री नारायण गुरु आश्रम- अरुविपुरम- कुन्नुमपारा श्री सुब्रमण्या- चेंबझंती श्री नारायण गुरुकुलम का विकास | 66.42 |

**केरल राज्य में स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **गंतव्य** | **एक्सपीरिएंस का नाम** | **अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)** | **स्वीकृति वर्ष** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कुमारकोम | कुमारकोम पक्षी अभयारण्य एक्सपीरियंस | 13.92 | 2023-24 |

**केरल राज्य में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| **क्र. सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृति वर्ष** | **अनुमोदित लागत (करोड़ रु. में)** |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | गुरुवायूर मंदिर में विकास | 2016-17 | 45.19 |

**केरल राज्य में पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों की सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**

| क्र. सं. | स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2015-16 | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल पर वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 9.01 |
| 2. | 2016-17 | एर्नाकुलम घाट के बर्थ एवं बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 21.41 |
| 3. | 2016-17 | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई त्रिवेंद्रम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना | एसएआई | 24.65 |
| 4. | 2018-19 | कोचीन पोर्ट क्रूज़ टर्मिनल पर अवसंरचना का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1.21 |
| 5. | 2018-19 | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 4.65 |
| 6. | 2019-20 | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 10.29 |

**केरल राज्य में एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:-**

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | लागत (करोड़ रु. में) | स्वीकृति वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1. | अष्टमुडी जैव विविधता और पर्यावरण-मनोरंजक केंद्र, कोल्लम | 59.71 | 2024-25 |
| 2. | सरगालया: मालाबार की सांस्कृतिक कुटिया का वैश्विक प्रवेशद्वार | 95.34 | 2024-25 |

*****